भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2188
15 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए

सैनिक स्कूल, बीजापुर के पूर्व छात्र

2188. श्री एस. मुनिस्वामी :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास सैनिक स्कूल बीजापुर (विजयपुरा) से तीनों सशस्त्र बलों, तटरक्षकों, अर्ध-सैन्य बलों और अन्य संबद्ध सेवाओं में कार्यरत/सेवारत अधिकारियों, सेवानिवृत्त सैनिकों, शहीदों के संबंध में डेटा उपलब्ध है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सैनिक स्कूल, बीजापुर (विजयपुरा) के पूर्व छात्रों में से सेवारत सिविल सेवकों, राज्य स्तर के अधिकारियों, प्रतिष्ठित वकीलों, प्रतिष्ठित डॉक्टरों, प्रसिद्ध उद्यमियों के डेटा के संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या सरकार का सैनिक स्कूल बीजापुर (विजयपुरा) और अन्य 32 सैनिक स्कूलों के भूतपूर्व और वर्तमान शिक्षकों के बारे में उपलब्ध डेटाबेस की मदद से नए स्वीकृत/प्रस्तावित 100 सैनिक स्कूलों के कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए कोई प्रस्ताव है ; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) से (ग): सैनिक स्कूल सोसाइटी द्वारा ऐसी कोई सांख्यिकी नहीं रखी जाती है ।

(घ) और (ड.): इस प्रकार का कोई प्रस्ताव इस मंत्रालय में विचाराधीन नहीं है ।

***